चंद्रयान अभियान की टीम में शामिल राजेंद्र ने रोशन किया क्षेत्र का नाम

द्वाराहाट, संवाददाता। बिपिन त्रिपाठी कुमाऊं प्रौद्योगिकी संस्थान (बीटीकेआईटी) के छात्र रहे राजेंद्र सिजवाली ने चंद्रयान 3 अभियान में वैज्ञानिक के रूप में भूमिका निभाकर इंजीनियरिंग कॉलेज सहित अल्मोड़ा जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया है। उनकी उपलब्धि पर खुशी का माहौल है।

राजेंद्र ने वर्ष 2000 से 2004 तक इंजीनियरिंग कॉलेज द्वाराहाट में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग से शिक्षा प्राप्त की थी। प्रारंभिक शिक्षा पुनौली तहसील भनोली से करने के बाद हाईस्कूल जीआईसी दयूनाथल व इंटरमीडिएट अल्मोड़ा से किया। वह अभी इसरो अहमदाबाद में वैज्ञानिक पद पर कार्यरत हैं। राजेंद्र के पिता दीवान सिंह सिजवाली का कुछ वर्ष पूर्व देहावसान हो गया, जबकि माता हीरा देवी गांव में ही निवास करती हैं। राजेंद्र के बड़े भाई भी हैदराबाद में वैज्ञानिक पद पर आसीन हैं। उनके इस पुनीत कार्य में शामिल होने पर गांव के प्रधान धनंजय रावत, अर्जुन सिंह सिजवाली, प्रयाग बिष्ट आदि ने खुशी व्यक्त की है। निदेशक केकेएस मेर ने खुशी व्यक्त करते हुए बताया कि इससे पूर्व भी संस्थान के बीटेक इलेक्ट्रॉनिक एंड कम्युनिकेशन के छात्र हिमांशु पांडेय ने सीडीएस परीक्षा में देश में प्रथम स्थान हासिल किया था।

- चंद्रयान थ्री को चांद तक भेजने में निभाई अहम भूमिका
- राजेंद्र के बड़े भाई भी हैदराबाद में हैं वैज्ञानिक